मेट्रो ३ में होगा वाईफाई

मुंबई। मुंबई के पहले अंडरग्राउंड मेट्रो रूट ३ का काम प्रगति पर है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और बिना रुकावट के सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रहा है। इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि मुंबई मेट्रो ने इस यात्रा के दौरान यात्रियों को बिना रुकावट के इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए एक ठेकेदार नियुक्त किया है। चूंकि मुंबई मेट्रो-३ मार्ग पूरी तरह से भूमिगत है, इसलिए स्टेशनों का कॉनकोर्स लेवल जमीन से १०.१४ मीटर नीचे है और प्लेटफॉर्म भी जमीन से १८-२० मीटर नीचे हैं। इसलिए मेट्रो में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं प्रदान करना इस परियोजना में एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस समस्या को हल करने और यात्रा के दौरान यात्रियों को निर्बाध मोबाइल और इंटरनेट सेवा सुनिश्चित करने के लिए एमआरई ने जियो, वोडाफोन, एयरटेल और एमटीएनएल जैसे मोबाइल सेवा प्रदाताओं से सेलुलर कवरेज प्रदान करने की योजना बनाई है। एमएमआरसी की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने कहा कि मेट्रो-३ रूट के माध्यम से नॉन फेयर बॉक्स राजस्व सबसे अधिक होगा। इन-बिल्डिंग सलूशन के माध्यम से यात्रियों को निर्बाध मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी का मजा मिल सकता है।